The journey to heaven and back could not have been performed in an ordinary vehicle. Sānumati too visits the palace in an aerial car. When supernatural characters brought to participate in human affairs or human beings are asked to visit the heavenly abodes some kind of a supernatural transport is a must. Our aeroplanes today confirm more to the model of Duṣyanta's car which is supposed to fly in the air as well as touch the ground on landing. In sharp contrast to it Indra's car could land on the ground without touching it.

(C) The Uncommon Weapon

When Vidūṣaka is attacked by Mātali, he cries for help. Since Vidūṣaka has been made invisible by the Tiraskariṇī power of Mātali, the king seems least worried about it. He has also some wonderful power. He is going to use such a weapon which could kill the enemy and save the friend.[1] This is an uncommon weapon.

Kālidāsa has conceived Śakuntalā with the best qualities of earth and heaven. In his Vikramorvaśīyam his main problem seems to be to drag Urvaṣī to the earth, where she does not naturaly belong to. He has to fight there with the supernatural interventions. In Abhijñānaśākuntalam he has won over this initial difficulty by creating an earthly abode for Śakuntalā.

The treatment of the supernatural elements here is well within the control of the dramatist. He has two hermitages to describe. The hermitage of Kaṇva is situated on the earth while the hermitage of Mārīca is situated at an imaginary spot between the earth and the heaven. Interdependence of earthly kings and Indra is a favourite idea of Kālidāsa. He has put the supernatural devices to their best dramatic use. The fusion of the natural and the supernatural have attained an artistic perfection in Abhijñānaśākuntalam.

❖ ❖ ❖

---

1. यो हनिष्यति वध्यं त्वां रक्ष्यं रक्षिष्यति द्विजम् ।
हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः ।। --अ. शा., अङ्क-६।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

२१

बौद्धसाहित्य इन्द्रः

प्रो. गङ्गाधर पण्डा

अग्निपुराणानुसारं बुद्धो विष्णोरवताररूपेण गण्यते। एकदा देवासुरयुद्धे सर्वे देवा असुरैः पराजिताः सन्तो विष्णोः शरणं जग्मुः। देवानां दुःखं दूरीकर्तुं महाविष्णुः शुद्धोदनस्य पुत्ररूपेणावतारं गृहीतवान्। ततः परं सोऽसुराणां पुरतः गत्वा वेदस्य नियमान् खण्डीकृत्य बौद्धधर्ममाविश्चकार। सर्वे दैत्याः बौद्धा अभवन्। बुद्धस्येदं लक्ष्यमासीद् यत् सर्वान् दैत्यान् बौद्धान् कृत्वा तान् नरकं नयेत्[१]। ऐतिहासिकदृष्ट्या तु गौतमबुद्धस्य जन्म ख्री. पू. ५६० मध्ये हिमालयस्य पाददेशे कपिलवस्तुनगरे शुद्धोदनस्य पुत्ररूपेणाभवत्। बुद्धस्य नाम सिद्धार्थ आसीत्। बाल्यादेव धर्मं प्रति सिद्धार्थस्य मतिरासीत्। तस्य मनसि किमपि दुःखं न भवत्विति मनसि निधाय पिता तं बाह्यजगत्या सह सम्बन्धं स्थापयितुं न ददाति स्म। तस्य बाल्यजीवनमतीवानन्देन राजमन्दिरेऽगच्छत्। गच्छत्सु दिनेषु स क्रमशः रुग्णं वृद्धं मृतजनं चावलोक्य संसारं त्युक्तुमैच्छत्। एकस्यां रात्रौ पत्नीं पुत्रं च त्यक्त्वाऽरण्यं गत्वा तपश्चरणं कृत्वा नूतनधर्मस्याविर्भावमकरोत्। स धर्मो बौद्धधर्म एव। तथैव महावीरोऽपि बाल्याद् राजकुमार आसीत्। सोऽपि संसारं विसृज्य कठोरतपांसि तप्त्वा जैनधर्मस्याविष्कारं कृतवान्।

संस्कृतभाषाया दुरूहत्वमनुभूय धर्मस्य प्रचारायाभ्यां बुद्धमहावीराभ्यां पालिप्राकृतभाषे स्वीकृते। एतस्य साहित्यद्वयस्यानुशीलनेनैवमनुभूयते यदिन्द्रशब्द उभये साहित्ये विभिन्नरूपेषु बहुवारमायाति। बुद्धस्य पूर्वजन्मस्ववताराणां वर्णनं लभ्यते। तत्रापीन्द्रप्रसङ्गो वारं वारमायाति। तथैव जैनधर्मस्य प्रचारकास्तीर्थङ्करा एव भवन्ति। एतेषु तीर्थङ्करेवेन्द्रस्य नाम भृशं लक्ष्यते।

निकायमध्ये इन्द्रशब्द उपलभ्यते। परन्तु "सक्क" शक्रशब्दो यत्र तत्रोल्लिखितोऽस्ति। परन्तु धारणाद्वयं परस्परं साम्यं न स्थापयति। परवर्तिपालि-

१. अग्निपु. अध्याय १६।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

साहित्येष्विन्द्रो बहुधा वर्णितोऽस्ति शक्रेण तु साकं भूत्वैकस्मिन् स्थान उभयोः समता स्पष्टं प्रतिभाति। यथा "सक्को ति इन्दो"[१] उभयोर्लाक्षणिकैकता प्रतिपादितास्ति। वास्तविकतयोभौ स्वतन्त्ररूपेण भिन्नौ स्तः। बौद्धसाहित्यस्यालोडनेन स्पष्टं प्रतीयते यदुभयोर्व्यक्तित्वं चारित्रिकस्वरूपं च भिन्नं भवति[२]। यद्यप्युभयस्य विशेषणं समानं भवति, किन्तु तस्य व्याख्या स्वतन्त्ररूपेण प्रदत्ता वर्तते। यथा संयुक्तनिकाये सक्कनाम्नैका सूची लभ्यते। तत्र "मघवा" इति शब्दस्य कृते लिखितमस्ति यत् स पूर्वजन्मनि 'मघ'नाम्ना कश्चन ब्राह्मण आसीत्, समये समये स दानं ददाति स्म। पूर्वजन्मनि यो नगरेषूदारो दानी चासीत्। तस्य नाम पुरन्दरः इति ख्यातम्। तस्यौदार्यदानगुणत्वात्स "सत्कच्चम्" शतक्रतुरिति जातम्। वासयोग्यं स्थानं ददाति अतः स वासव इति प्रसिद्धः। एकस्मिन् समये स सहस्रसंख्यकान् विषयान् चिन्तयत्यतः स 'सहस्सक्ख' सहस्राक्षः, सहस्रनेत्र इति नाम्ना ज्ञायते। एतेषु तु नामसु कानिचन सञ्ज्ञा, शेषाणि एव विशेषणानि[३]। डॉ. मालसेकरमहोदयानां मतानुसारमिन्द्रस्य शक्ररूपेण विकासः सांस्कृतिकैतिहासिककारणाभ्यामेवाभवत्। यतो हि यदि कश्चन युद्धरत-सम्प्रदायोऽपरिचितं स्थानं गत्वा वसतिं चकार, तदा तस्य पूर्वरूपस्य वीरत्वस्य योद्धृत्वस्य काप्यपेक्षा नानुभूयते। वसतिस्थापनानन्तरं सामाजिकस्थिरता, मानसिकी शान्तिः सांस्कृतिकविकासश्चापेक्ष्यन्ते। अत एवेन्द्रस्य भीमरूपं गत्वा शक्रस्य कोमलरूपमायाति। अतएव शक्रस्य व्यक्तित्वं किञ्चिद्भिन्नं जातम्[४]।

वृत्रहरूपेणेन्द्रस्य महत्त्वं वैदिककाले पौराणिककाले चाधिकतया वरीवर्ति, परन्तु बौद्धसमये यद्यपि तन्नाम तिष्ठति, परन्तु तादृशं महत्त्वं नाकलयति। पालिसाहित्ये "सक्क" "वजिरपाण्य" वश्यमेव भवितुमर्हति।

अस्मिन् प्रसङ्गे हिलेब्रैण्ड्ट्महाभागाः कथयन्ति यत् पालिसाहित्ये 'सक्क' शक्रस्य प्रतिरोधी कश्चन वृत्रो नासीत्। ततः वृत्रहा शब्दस्य कल्पना कुतो वा भवेत्। परन्तु पालिसाहित्यात् परमिन्द्रस्य कृते "वृत्रभू"[५] – शब्द उपलभ्यते

---

१. जातककथा ५।११।

२. रहीसडेविड्स्, डायलाग्स आफ दि बुद्ध, भाग-२, पृ. २९७।

३. संयुत्तनिकाय १-२२९, धम्मपदट्ठकथा-१-२६४।

४. जी. पी. मालसेकर, "डिक्शनरी आफ पालि प्रापर नेम्स" भाग-२, पृ. ९६४-९६५।

५. जातक ५।१५३।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

यस्यार्थो भवति वृत्रस्य विजेता। परवर्तियुगे "वाजिरपाणि:" शब्दो निर्जीवो भवति। तस्य स्थाने "वाजिरहत्थ"[१] "इन्द्रवजिर"[२] शब्दश्चोपलभ्येते। एतद्द्वयमधिकं प्रामाणिकं भवति यतो हि शत्रूणां भयोपकारकस्येन्द्रस्य वज्रनाद: सर्वेषामितरनादानां तुलनयाऽधिकमुत्कृष्टो भवति[३]। इन्द्रवज्रस्य वेग: सर्वाधिक:। अस्य न कोऽपि बाधको भवति। सदैव स लक्ष्यमधिगच्छति। अस्य कृते "अविरज्झनक"[४] शब्दो वर्तते। इन्द्रो दुर्धर्ष: सर्वेषां च देवतेति प्रमाणं पालिसाहित्य उपलभ्यते। कदाचिद् विजेतृणां मूर्धन्यभूतरूपेण "जयन्तपति"[५] नाम्नापि ज्ञायते। स वज्रेण मारयित्वापराधिनो दण्डयति[६]। असुराणामुपरि विजयोपरि चित्रकूटपर्वत इन्द्रमूर्तीनां स्थापना जातेत्युल्लेखो लभ्यते। येनासुरा इन्द्रमूर्त्तिसमूहं दृष्ट्वा तेषां प्रतिभा विनष्टेति मत्वा पलायन्ते[७]। अन्यै: प्रमाणै: प्रतीयते यत् पूर्वजीवनस्य संस्कारोऽस्मिन् बौद्धकालिकजातीय-जीवनेऽवचेतनावस्थायामायाति। सुतरां बौद्धसंस्कारे शक्रस्य धारणा क्षीणप्राया भवति।

कदाचिदिन्द्रो गवां रक्षकत्वेन गोहन्तॄणां विनाशकत्वेन वर्णितोऽस्ति[८]। डॉ. चार्ल्स गाडेजमहोदयानामयं विश्वासो भवति यत् सक्कशब्दस्य धारणा वैदिकशक्रस्यैतिहासिकमात्रम्। परन्त्वस्य सम्बन्ध इन्द्रेण सह मुख्यतया भवति। पूर्वबौद्धकालेऽयं सक्कशब्दो विशेषणपदेन व्यवहृत:। वेदेऽपि शब्दोयं विशेषणपदं द्योतयति। मूर्तकल्पना मूर्तव्यक्तित्वे परिणाम्य "सक्क" शब्दस्य प्रचलनं जायते[९]। संयुक्तनिकाये सक्कस्य देवत्वप्राप्तिविषये वर्णनमुपलभ्यते[१०]। आचरणस्य सप्त नियमान् पालयित्वा मानव: सक्को दैवगुणमवाप्नोति। स तु नैतिकानुशासनपूर्वकं कार्यं करोति। यदा मनुष्याणामौद्धत्यं वर्द्धते, राजा यदा घातको भवति, तदा

१. वजिरहत्थ, दीघनिकाय-२।२५९।

२. जातक २।३।५४।

३. उदानवृत्ति, ६७।

४. विभाग:, सम्मोहविनोदिनीटीका-३३३।

५. जातक ५।३२२।

६. धम्मपदकथा ४।१०५।

७. जातक ५।२।२६, १।१०३।४, धम्मपदकथा-१।१८०।

८. सुत्तनिपात-५।३१०।

९. डॉ. चार्ल्स गाडेज-सी. यू. रि. ३।

१०. संयुक्तनिकाय १।२२८।३१।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

सक्कः तेषु भयमुत्पादयति। तान् जगतः कल्याणं कर्तुं प्रेरयति। गुणवतां न्यायपरायणानां पक्षे स सदैव कार्यं करोति। एकैककार्यं तेषां सहायको भवति। सक्कः शासनं प्रति निष्ठापूर्वकं कार्यं करोति, अतः सदा स भगवतो बुद्धस्य कृपाभाग् भवतीति जातककथासु वर्णितमस्ति। देवानां मनुष्याणां चायं परममित्रं तेषां विपत्सु धैर्यं ददाति। देवानां पारस्परिककलहेष्वयं निर्णायको भूत्वा सदैव तांस्तोषयति।[१] बोधिसत्त्वोऽपि स्वोपलब्धये सक्कस्य समीपमागत्योपदेशं याचते।

अत एतासां घटनानामनुशीलनानन्तरं निष्कर्षरूपेणैव कथयितुं शक्यते यद् वैदिककालस्य दुर्दान्तः प्रचण्डो भीमो वृत्रहतेन्द्रो बौद्धकालेऽहिंसा-नम्रतानियमव्रतानामुपासकत्वेन परिणमति।[२]

तुलनात्मकदृष्ट्यापि वैदिकपौराणिककेन्द्रस्य तुलना बौद्धकालिकेन्द्रेण सह कर्तुं शक्यते। परन्त्वेतत् प्रतिभातं भवति यदिन्द्रस्य पूर्वकालीनमसामान्यमहत्त्वं बौद्धकाले सुरक्षितं न तिष्ठति। यथा पुराणकाले विष्णुतत्त्वस्य महत्त्वादिन्द्रस्य महत्त्वं ह्रियते तथैव बौद्धसमये बुद्धदेवस्य महिमाऽधिकतया द्योत्यते, अतः पालिसाहित्ये परवर्तिसाहित्येष्वपीन्द्रधारणा क्रमशो लघीयसी भवति। एवमपि लक्ष्यते यदिन्द्रस्याध्यात्मिकं दैविकं च स्वरूपं यथा न्यूनतां गच्छति तथैव तस्य भौतिकविकासः क्रमशो वर्द्धमानो दृश्यते। दीघनिकाय इन्द्रस्य नाम सोमवरुणेशानप्रजापतिब्रह्मयमप्रभृतिभिः साकमायाति येषामाह्वानं ब्राह्मण एव करोति। मृत्योरनन्तरं ब्रह्माणि एव योजयितुमयं प्रार्थयति।[३] अन्यत्रापि स इन्द्रः प्रजापतिना साकं सुधम्मानामिकायां देवसभायामासीदेव वर्ण्यते[४]। अतः स्पष्टं भवति यदिन्द्रस्यालोकसामान्यमहत्त्वं प्रभुत्वं च शनैः शनैर्विनश्यति। तथापि पालिसाहित्येऽयं देवानां राजरूपेण जरामृत्युरहितः प्रजानुरञ्जकत्वेन वर्णितः।[५]

---

१. जातक १।२२९।

२. डॉ. डब्लू. रुवेन, इन्द्रज फाइट अगेन्स्ट वृत्र इन दि महाभारत, वे. फे. वा. पु. ११३/१२३।

३. दीघनिकाय १।२४४-२४५।

४. दीघनिकाय २।२७४, मज्झिमनिकाय २।१४०।

५. सुत्तनिपात ३१६-५१५।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कदा कदायं छद्मवेशेन पृथिवीतलमायाति।[१] नन्दनवनमप्यस्य विलासभूमित्वेन कल्पितम्।[२] स्नेहशीलासु पत्नीषु प्रियेषु सुहृत्सु चायं विहरति।[३] त्रिलोकस्य देवानामयं नेतृत्वेनादृतः। कोशीयोऽस्य गोत्रं भवति। छद्मवेशधारकं परिजनेष्वासक्तिभावं-मृग्वेदीयेन्द्रचरित्रेण साकं साम्यभावं च स्थापयति। नन्दनवनादीनां कल्पनाः पुराणेभ्य एव गृहीता वर्तन्ते। बौद्धेन्द्रस्येदं चरित्रं क्रमशः शक्रे 'सक्के' एवान्तर्भवति। यद्यपि नेतृत्वेनायं कल्पितः, यद्यपि सार्वभौमत्वमवाप्तं तथापि देवेष्वयं सर्वशक्तिमात्र भवति। प्रतिकार्यं प्रजापतिवरुणेशानामस्य सहभागिनो भवन्ति। संयुत्तनिकायस्य पञ्चविंशतिसूत्रे सक्कवर्णनमुपलभ्यते। तस्मादेवं ज्ञायते यत् सत्स्वपि चरित्रदयान्यायशीलगुणेषु सक्को मेधावी न वर्तते। तस्य बह्व्यो न्यूनता वर्तन्ते। वैदिकेन्द्रवत्सोमरसो न भवति। इतरजीववत्पुनर्जन्मापि लभते। वासनाकुविचारमूर्खतादिदोषत्रयभाक् कल्पितः। रोहिणीकथायामेव चित्रितास्ति तस्य नारीसौन्दर्यं प्रति दुर्बलता। असौकत्यया सुजया सह तस्य विवाहप्रसङ्गोऽतीव रोमाञ्चकरः। स्त्रीणां सदैव कल्याणं करोति। वन्ध्यास्त्रीणां पुत्रयाचनायामपि स ताभ्यः पुत्रान् ददाति। सुमेधा-शीलवतीचन्द्रावतीनां कथाप्रसङ्गेऽस्य कथनस्य पुष्टिर्जायते। यथा पुराणेष्विद्रस्तपस्विनां तपसि निरवधिं विघ्नं जनयति तथैव बौद्धकथायामपि।[४]

सक्कस्य पारिवारिकजीवनचरित्रं पालिसाहित्ये विभावरूपेण लभ्यते। तेन सह सदैव तस्य पत्नी सुजा (आसासद्धाहिरीसिरौयः) स्वदुहिश्रद्धाह्रीश्रीभिः साकं तिष्ठति।[५] मरुतोवत्तस्य "वेस्सवण" परमं मित्रं भवति। यस्य वेस्सवणस्य मृत्युर्भवति तथा सोऽपरस्य नियुक्तिं कारयति। वैजन्तः तस्य प्रासादस्य नाम, मातलिरपि तस्य सारथिः, "परिछत्तकठरु" परिच्छदतरः तदा" पोक्सरणी पुष्करिणी, चित्तलता, चित्रलता, वनम्, सेवक विस्सक्कम् विश्वकर्मा, सार्धद्विशतं परिचायिका, पञ्चशतं "कुकुटपादतीयो" ऽप्सरसः, विधिरावुधनामकमस्त्र, माडम्बरनाम्ना पटयश्च तस्य भौतिकविभवत्वेन परिकल्पिताः।

१. जातक. ५।३३।
२. वही, ५।१५८।
३. वही, ६।२४०, ५।५०६।
४. जातक, २।२९४।
५. जातक, ५।३९२।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

वर्षणस्य देवरूपेन्द्रस्य व्यक्तित्वं परवर्तिसाहित्येष्वपि सुरक्षितमस्ति। [१]ओल्डेनबर्गमहोदयेनासौ वर्षणस्य देवरूपेण प्रतिपादितम्। यद्यप्ययं वर्षणमस्यैक मात्रो देवो न भवति। तथापि वृष्ट्या सहाययुक्तः। ग्रीष्मातपेयं भगवतो बुद्धस्य स्नानायायं वृष्टिं कारयति। अत एव स जलेन सह सम्बन्धितः। बौद्धकालिकेन्द्रस्य कल्पना वैदिकजैनसमयोर्मध्यवर्तिनी भवति। अतः स वर्गवाचकः। बौद्धसाहित्यस्येन्द्रो न वर्गः, न च कश्चन विशिष्टव्यक्तिविशेषत्वेन कल्पितः।

❖ ❖ ❖

१. ओल्डेनबर्ग रि. दे. वै. पृ. १४३।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

३०

जैनसाहित्य इन्द्रः

जैनसाहित्यस्य पुराकथासु ऋग्वेदीयेन्द्रस्य किञ्चित्परिवर्तितं रूपं लभ्यते। ऋग्वेद इन्द्रः कश्चनोपाधिर्भवति, यः खलु कस्याप्यसाधारणव्यक्तित्वसम्पन्नजनस्य विशेषणत्वेन कल्पितोऽस्ति। अस्य व्यष्टिपरकोपाधेर्विकासो जैनसाहित्य इन्द्रस्यवर्ग-सञ्ज्ञायामायाति। अत्रापीन्द्र एकोपाधिविशेषः। परन्तु स कस्य देवविशेषस्योपाधिर्न भूत्वा वर्गविशेषस्य सञ्ज्ञा भवति।

"इदि परमैश्वर्ये" इति धातोः शब्दोऽयं निष्पन्नः। परमैश्वर्ययुक्तोऽयमिन्द्रः स्वर्गस्याधिपत्वेनैश्वर्यकारणात् सञ्ज्ञेयमवाप्ता। अत्रेन्द्रस्य कृते शक्रपुरन्दरसहस्राक्षादयः शब्दा व्यवहृताः सन्ति। ऐश्वर्यस्य स्तरभेदानुसारं परमेश्वरादारभ्य जीवं यावत् प्रतिस्तरमिन्द्रस्य परिकल्पना जाता। नामेन्द्रः, स्थापनेन्द्रः, द्रव्येन्द्रः, भावेन्द्र इत्यादयो विभिन्नेन्द्रा उल्लिखिता वर्तन्ते। इन्दनस्य ऐश्वर्यस्य वा कारणादिन्द्रो नामेन्द्रो भवति। स्थापनादिनिरपेक्षत्वादयं सञ्ज्ञामात्रम्। नामसु नियमो भवति न स्थापना। इन्द्रप्रतिमायाः स्थापनत्वादयं स्थापनेन्द्र इति कथितः। इन्द्रस्य प्रतिमास्थापनायां भक्तस्य कश्चनानुग्रहलाभः स्यात्। यतो हि तत्रार्च्चनं भवेत्। परन्तु नामेन्द्रे एतादृशी भावना नास्ति। भावना स्तुत्यादिभिः स्थापनेन्द्रभावनेन्द्रयोर्मध्ये समता भवितुमर्हति। द्रव्येन्द्रस्य सम्बन्धो द्रव्यैः सह कल्प्यते। द्रव्यस्य प्राप्तय इन्द्रत्वप्राप्तये च द्रव्येन्द्रसञ्ज्ञा प्रतिपादिता। जैनशास्त्रानुसारमप्रधानमुपसर्जनीभूतं तत्त्वं द्रव्यपदेन ज्ञायते। अत्र द्रव्यत्वपदेनेन्द्रत्वमपि गृह्यते। दैनिकजीवनेष्वस्योपयोगो न भवति। अत एवायमप्रधानः। भावेन्द्रस्य कृते एवं लिखितमस्ति यद् भाव-मिन्दनक्रियानुभवलक्षणपरिणाममाश्रित्येन्द्र इन्दनपरिणामेन भवति इति वा स चासाविन्द्रश्चेति भावेन्द्रः। अर्थोऽयं वस्तुतः परमैश्वर्यकारणादिन्द्रस्य नाम गोत्रं कर्म च बोधयति। अत एवायं भावेन्द्रः। अनुपयोगो द्रव्यम्। उपयोगो भावो येष्विन्द्रशब्दार्थ उपयुक्तो भवति स भावेन्द्रः। अस्य भेदत्रयं भवति। देवेन्द्रः असुरेन्द्रः मनुजेन्द्रश्चेति। वैमानिकज्योतिष्कादिषु देववर्गेषु इन्द्रो भावेन्द्र एवान्तर्भूतः[1]।

---

१. द्रष्टव्यः, विजयराजेन्द्रसूरि, अभिधानराजेन्द्रः, भाग-२, पृ. ५३२-५३६।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

जैन मतानुसारं देवश्चतुर्धा भवति। यथा भवनवासी, व्यन्तरः, ज्योतिष्कः, वैमानिकश्चेति।[1] एतेषां क्रमशो दशाष्ट-पञ्च-द्वादशान्तर्भेदा वर्तन्ते[2]। पुनश्चैत उपविभागा प्रत्येकं दशभागेषु विभज्यन्ते[3]। यथा—१. इन्द्रः, २. सामानिकः, ३. त्रायस्त्रिंशः, ४. पारिषद्, ५. आत्मरक्षः, ६. लोकपालः, ७. अनीकः, ८. प्रकीर्णकः, ९. आभियोग्यः, १०. किलिबषिकश्चेति। सर्वार्थसिद्धिग्रन्थानुसारमिन्द्रस्य निरुक्तिरेवंविधा वर्तते यथा — "अन्यदेवसाधारणाणिमादिगुणयोगादिन्दन्तीतीन्द्राः[4]। ये देवा असाधारणविभावादिगुणभाजो भवन्ति त एवेन्द्रपदवाच्या भवन्ति।

पुनस्तत्त्वार्थसूत्रे कथितमस्ति यत् "पूर्वयोर्द्वीन्द्राः"[5] अर्थाद् देवानां प्रथमभागद्वयं वर्तते-"भवनवासी, व्यन्तरश्च। अतः प्रत्येकं द्वाविन्द्रौ भवतः। पूर्व-भवनवासिना दश विभागा भवन्ति। अधुना प्रतिमानं पुनर्द्विधा विभजन आहत्य विंशतिभागा भवन्ति। तथैव व्यन्तरस्याष्टभागा आसन्। तस्य पुनर्द्विधाकरणे आहत्य षोडशसंख्यका भवन्ति। भवनवासिषु असुरकुमाराणां चरमवैरोचनौ द्वौ भवतः। नागकुमाराणां धरणभूतानन्दौ द्वौ च भवतः। सुपर्णकुमाराणां वेणुधारीवेणुदेवौ, विद्युत्कुमाराणां हरिसिंहहरिकान्तावश्विनकुमाराणामग्निशिखाऽग्निमाणवौ, वातकुमाराणां वैलम्बप्रभुजनौ, स्तनितकुमाराणां सुघोषमहाघोषावुदधिकुमाराणां जलकान्तजलप्रषौ, द्वीपकुमाराणां पूर्णविशिष्टौ दिक्कुमाराणाममितगत्यमितवाहनौ च क्रमशः सर्वेषां कुमाराणां द्वौ द्वाविन्द्रौ स्तः।

व्यन्तराणां किन्नरस्य द्वौ भेदौ। किन्नरः किंपुरुषश्च द्वौ भेदौ। सत्पुरुषमहापुरुषौ। महोरगाणां भेदद्वयम्। महाकोपातिकोपौ। गन्धर्वाणां भेदद्वयम्-यथा-गीतरतिगीतयशौ। पक्षिणां भेदद्वयम्। यथा-पूर्णभद्रमणिभद्रौ। राक्षसानां द्वौ, भीममहाभीमौ। भूतानां द्वौ, प्रतिरूपाप्रतिरूपी। पिशाचीनां द्वौ, कालमहाकालौ। सुतरां समस्तानामिन्द्राणां द्वौ द्वौ भागौ स्तः। सर्वमाहत्येन्द्राणां संख्या त्वेवं भवति-भवनवासिनां विंशतिभागा, व्यन्तराणां षोडश भागा, ज्योतिष्काणां पञ्चभागाः, वैमानिकानां द्वादश भागाः। अत एवैतेषां योगेनेन्द्रः त्रिपञ्चाशद्भागेषु विभक्तः।

---

१. तत्त्वार्थसूत्रम्, ४।२।

२. वही ४।३ दशाष्टपञ्चद्वादशविकल्पाः कल्पोपपन्नपर्यन्ताः।

३. वही ४।४ इन्द्र-सामानिक-त्रयस्त्रिंशपरिषदात्मरश्लोकपालानीकप्रकीर्णकाभियोग्य-किल्बिषिकाश्चैकशः।

४. सर्वार्थसिद्धिः ४।४।

५. तत्त्वार्थसूत्रम् ४।६।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

ज्योतिष्कदेवतास्विन्द्रस्य का स्थितिस्तत् स्पष्टरूपेण विवक्षितं नास्ति। तथाप्येतत् स्पष्टं भवति यदिन्द्रस्य भेदकल्पना कृता वर्तते[1]। वैमानिकानां सञ्ज्ञाऽपि कल्पवासी वर्तते। एतेषां सम्बन्धः स्वर्गेण सहैव भवति। यतो हि विमानशब्दः स्वर्गस्य कृत एव कृतोऽस्ति। जैनमतानुसारं यद्यपि स्वर्गस्य संख्या षोडश वर्तते तथापि वैमानिकानां संख्या द्वादश इति कृता। यतो हि एतेषां सम्बन्धो द्वादशेन्द्रैः सह भवेत्। वैमानिकस्यान्तर्भेदस्य नामकरणं तेषामधिष्ठातुरिन्द्रस्याधारेणैव जातम्[2]। एवं प्रकारेण माहेन्द्रस्वर्गस्य नाम माहेन्द्रेन्द्रः, ब्रह्मोत्तरस्वर्गस्य नाम ब्रह्मोत्तरेन्द्रः, सहस्रारस्वर्गस्य नाम सहस्रार, इत्यादयो वर्तन्ते। लोकानुयोगनामके ग्रन्थे चतुर्दशेन्द्रा गणिताः। परन्त्वाचार्यश्रुतसागरस्य मतानुसारं प्रामाणिकरूपेण द्वादशसंख्यका इन्द्रा भवन्ति[3]।

जैनमतस्यानुशीलनानुसारमेव प्रतिभाति देवविभाजनं पौराणिकदेवकथाद्वारा प्रभावितमस्ति। अत्र देवतानामन्तर्वर्गः, प्रत्यन्तवर्ग, लोकाः स्वर्गाश्च प्राचीनवैदिक-पौराणिकपरम्पराः स्मारयन्ति। वेदेषु पृथिव्यन्तरिक्ष-द्यौस्थानेषु स्थितानां देवानां विभाजनं जातम्।

जैनमत इन्द्रोऽधिष्ठातृदेवत्वेन परिगणितः। अतो जैनशास्त्रेष्विन्द्रविवेचनं वेदपुराणेभ्यः प्रभावितमस्ति। यद्यपि वैदिकेन्द्रवत् जैनेन्द्रस्तादृक् महत्त्वं न प्राप्नोति तथापि पौराणिकेन्द्रस्य तुलनया उत्कर्षतां भजति। अत्रेन्द्रो व्यक्तिवाचकत्वेन न गृह्यते। अपि तु प्रभुतासम्पन्नवर्गस्य वाचकत्वेन परिकल्पितोऽस्ति।

❖ ❖ ❖

---

१. वही ४।१७ तत्त्वार्थवृत्तिः। तेषु इन्द्रादिकल्पो वर्तते ।

२. वही ४।१९ तत्त्वार्थवृत्तिः।

३. तत्त्वार्थसूत्रम् ४।१९ तत्त्वार्थवृत्तिः।
"लोकानुयोगनाम्नि-तन्मतानुसारेण इन्द्राश्चतुर्दश भवन्ति।
मया तु द्वादशोच्यन्ते।"

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

३१

शौरसेनी प्राकृत का क्रमिक विकास

प्रो. गङ्गाधर पण्डा

महर्षि पाणिनि द्वारा विरचित 'अष्टाध्यायी' की रचना के पश्चात् संस्कृतभाषा का एक रूप सुनिश्चित हो गया था। परन्तु पूर्ववैदिक युग से प्रचलित लोकभाषा अबाधगति से विकसित होती रही, इस विकास के फलस्वरूप भाषा का जो स्वरूप सामने आया, उसे प्राकृत कहते हैं।

भाषाशास्त्र के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि प्राकृतभाषा का साहित्य-निर्माण काल लगभग ५०० ई. पू. से माना गया है। हेमचन्द्र आदि वैयाकरणों ने प्राकृत की व्युत्पत्ति के विषय में यह बताया है कि "प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते।" अर्थात् प्राकृत के व्याकरणिक स्वरूप की संरचना संस्कृत के व्याकरणिक ढाँचे के आधार पर की गयी है। नमिसाधु सामान्य लोगों में व्याकरण-नियमों आदि के संस्कार से रहित सहज वचन-व्यापार को प्राकृत का आधार मानते हैं — **"सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहित-संस्कारः सहजो वचनव्यापारः प्रकृतिः। तत्र भवः सैव वा प्राकृतम्।"**

प्राकृत पूर्ववैदिकयुगीन जनभाषा का विकसित रूप है। संस्कृत नाटकों में प्राकृत का समावेश हमें महाकवि भास के नाटकों में मिलता है, जिसका रचना काल ४०० ई. पू. के आसपास है। इन नाटकों में प्रयक्त प्राकृत अशोक के अभिलेखों की प्राकृत से बहुत मिलती-जुलती है। भौगोलिक दृष्टि से इनमें प्राचीन मागधी एवं प्राचीन शौरसेनी का प्रयोग हुआ है। साहित्य का अंग होने के कारण यह प्राकृत संस्कृत से प्रभावित है।

प्राचीन वैयाकरण प्राकृत को चार प्रकार का मानते हैं। वे हैं—महाराष्ट्री, पैशाची, मागधी, और शौरसेनी। हेमचन्द्र ने तीन और नाम दिये हैं— आर्ष, चूलिका पैशाची और अपभ्रंश। इनमें आर्ष को ही अन्य लोगों ने अर्धमागधी कहा है। कुछ अन्य स्रोतों से प्राकृत के अन्य विभागों के बारे में जानकारी मिलती है। वे हैं—बाह्लीकी, शाकारी, ढक्की, शाबरी, चाण्डाली, आभीरिका,

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

अवन्ती, दाक्षिणात्या, भूतभाषा तथा गौड़ी आदि। इनमें प्रथम पाँच मागधी के ही भौगोलिक या जातीय उपभेद हैं। 'आभीरिका' शौरसेनी का जातीय रूप थी और 'अवन्ती' अवन्तिका (उज्जैन क्षेत्र) की भाषा थी। इसे प्राचीन मालवी कह सकते है।

'दक्षिणात्या' भी शौरसेनी का रूप है। हेमचन्द्र की चूलिका पैशाची को ही दण्डी ने भूतभाषा कहा है।

प्राकृत के साथ-साथ 'गाथा' का नाम भी लिया जाता है। गाथा की भाषा प्राकृत का सुमधुर गेयरूप है, जिसमें बौद्धों और जैनों ने बहुत सी रचना की है जिनमें समयपहुड आदि ग्रंथ 'जातकभासा' 'ललितविस्तर' एवं 'अवदान-शतक' आदि प्रमुख हैं। इसी प्रकार देश-काल-भेद से प्राकृत के अनेक भेद बताये गये हैं। भाषावैज्ञानिकों ने केवल चार ही प्रमुख भेद स्वीकार किये हैं। यथा—१. शौरसेनी, २. पैशाची, ३. मागधी, ४. महाराष्ट्री। इस निबन्ध में केवल शौरसेनी प्राकृत के क्रमिक विकास के बारे में विवेचन किया गया है।

आचार्य हेमचन्द्र ने शौरसेनी प्राकृत का स्वरूप इस प्रकार बताया है:

'शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते' अर्थात् शूरसेन देश में उत्पन्न हुई भाषा शौरसेनी कही जाती है। शूरसेन के देश के बारे में ललितविस्तर ग्रन्थ में यह बताया गया है कि— इयं मथुरा नगरी समृद्धा च स्फीता च क्षेमा च सुभिक्षा चाकीर्णबहुजनमुष्या च राज्ञः सुबाहोः कंसकुलस्य शूरसेनेश्वरस्य राजधानी।

उपर्युक्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि मथुरा नगरी को शूरसेन देश की राजधानी बताया गया है। अतः मथुरा के समीपवर्ती देश को शूरसेन कहा जाता था।

मध्यदेश की भाषा होने के कारण शौरसेनी को कुछ लोग संस्कृत की भाँति परिनिष्ठित भाषा मानते हैं। मध्यदेश संस्कृत का भी केन्द्र था। इसी कारण शौरसेनी उससे अधिक प्रभावित है। प्राकृत नाटकों के गद्यों की भाषा सौरसेनी है। कर्पूरमञ्जरी का गद्य इसी भाषा में है। इसका प्राचीनतम रूप महाकवि भास के नाटकों में मिलता है। दिगम्बर जैनागमों की मूलभाषा शौरसेनी ही है। यह तीर्थंकर नेमिनाथ के समय में जैनतत्त्वज्ञान एवं लोकजीवन में विचारों की संवाहिका थी। शौरसेनी का उसी स्थायी रूप अवन्ती और आभीरी आदि है। वस्तुतः शौरसेनी युग का अर्थ हम नारायण श्रीकृष्ण एवं तीर्थंकर अरिष्टनेमि

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

जैसे महापुरुषों के दिव्य प्रभाव से प्रभावित युग को ले सकते हैं क्योंकि ये दोनो महापुरुष उसी शूरसेन क्षेत्र में जन्में थे, जहाँ शौरसेनी प्राकृत का उद्भव हुआ है। प्राचीन काल में सामान्य प्राकृत का नाम ही शौरसेनी था। नाटकों में प्राकृत का अर्थ ही शौरसेनी प्राकृत है। इसके विषय में मैसूर के विद्वान् टी. टी. श्रीनिवास गोपालाचार्य लिखते हैं कि जैनमतानुयायिभि: प्रायश: सर्वत्र प्राकृतभाषा लक्षणलक्षिता, क्वचित् क्वचित् मागधीलक्षणलक्षितार्धमागधी भाषा च तदीयग्रन्थेषु समादृता परिदृश्यते'' उपर्युक्त पंक्तियों में शौरसेनी का नाम नहीं है। अत: यहाँ पर प्राकृत का नाम है, वहाँ शौरसेनी का अर्थ ग्रहण करना चाहिए।

प्रमुख जैनाचार्यों ने अपने ग्रन्थों में शौरसेनी का माध्यम क्यों अपनाया है इसका कारण समालोचकों ने इस प्रकार बताया है कि ''भारतवर्ष में उत्तर से दक्षिण तक जाने आने का जो मध्यमार्ग था और जिसमें हिन्दुओं के परम उपास्य श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, वह मथुरा नगरी इस उत्तरापथ और दक्षिणापथ के मध्य में पड़ती है। आज भी उत्तर को आने वाले सभी तीर्थयात्री मथुरा होकर उत्तरभारत के विभिन्न क्षेत्रों की यात्रा करते हैं। इस प्रकार शौरसेनी प्राकृत की प्रमुखता बनी रही है।''

कुछ समालोचकों ने प्राकृत को व्याकरण-विहीन भाषा कहा है। परन्तु यह सत्य नहीं है। कारण प्राचीन आचार्यों एवं मनीषियों ने इसे व्याकरण-सम्मत माना है। यथा

१. आचार्य रविषेण भाषात्रयी को संस्कारयुक्त मानते हैं:

नामाख्यातोपसर्गेषु निपातेषु च संस्कृता ।
प्राकृती शौरसेनी च भाषा यत्र त्रयी स्मृता ।। (पद्मपुराण, २४।११)

२. काव्यादर्शकार आचार्य दण्डी कहते हैं—

शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी ।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु सन्निधिम् ।। --(काव्यादर्श)

३. आचार्य अपराजितसूरि भगवती आराधना नामक ग्रन्थ की टीका में व्याकरण की उपादेयता आगमों से करते हैं, और अनेक आगमों की भाषा शौरसेनी प्राकृत है।

इसी प्रकार शौरसेनी प्राकृत का क्रमिक विकास का अध्ययन करते हैं तो यह नि:सन्देह प्रतीत होता है कि—

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

(क) यह संस्कृत के निकट है।

(ख) प्राकृत के अन्य प्रभेदों की अपेक्षा यह अधिक प्रचलित एवं प्रसिद्ध है।

(ग) मध्य भारत में अधिक प्रसिद्ध होने के कारण उसका प्रभाव सारे देश में एवं सभी प्राकृत के विभागों में है।

(घ) इसकी गुणवत्ता के कारण यह लोकजीवन, लोकसाहित्य जैनागमों एवं विविध ज्ञान-विज्ञान-कला-दर्शन-संस्कृति आदि के ग्रंथों की भाषा रही है।

(ङ) परवर्ती काल में तीर्थंकर अरिष्टनेमि से लेकर आचार्य कुन्दकुन्द आदि ने भी इसे अपनी भाषा के रूप में अपनाया है।

अतः मार्कण्डेय ने अपने महाकाव्य 'दशग्रीव-वध' में शौरसेनी प्राकृत का महत्व बताते हुए ठीक कहा है।

राजपत्न्यादि-वक्त्रेन्दु-संवास-हृदयंगमा ।
मृदु-गम्भीर-सन्दर्भा शौरसेनी धिनोतु वः ।।

❖ ❖ ❖

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

३२

जैन दर्शन में मोक्ष का स्वरूप

प्रो. गङ्गाधर पण्डा

'जिन' शब्द से 'जैन' शब्द निष्पन्न हुआ है। राग, द्वेषादि दोषों से रहित परमात्मा का सर्वसाधारण नाम जिन है। जितना अर्थ देने वाले 'जि' धातु से बना हुआ 'जिन' का समस्त गुण परमात्मा पर लागू होता है। 'अर्हन्' वीतराग, परमेष्ठी आदि 'जिन' के पर्यायवाची शब्द सूचक हैं।

जैन दर्शन के अनुसार संसार में जीव अनन्त हैं। प्रत्येक जीव की जीवनचर्या एक दूसरे से भिन्न होती है। इस जीवनचर्या को कर्म कह सकते हैं। कर्म के अस्तित्व के आधार पर जीव सुख एवं दु:ख भोग करता है। सुख दु:ख देने वाला कर्म पुंज आत्मा के साथ अनादि काल से संयुक्त है, और इसी कारण आत्मा संसार में परिभ्रमण करती है। जैसा शुभ और अशुभ कार्य जीव करता है वैसा ही पुनर्जन्म उसे मिलता है। वस्तुत: आत्मा परम ज्योति:स्वरूप शुद्ध सच्चिदानन्दमय है।

जैनशास्त्र में कर्म के मुख्य आठ भेद कहे गये हैं जो निम्नवत् हैं।

१. ज्ञानावरण कर्म

ज्ञानावरण कर्म आत्मा की ज्ञानशक्ति को आच्छादित करता है। जैसे-जैसे इस कर्म का प्रभाव बढ़ता है वैसे-वैसे वह ज्ञानशक्ति को अधिकाधिक दबाता जाता है। लोगों में दृश्यमान बौद्धिक विभिन्नता कै कारण इस कर्म की भिन्न भिन्न अवस्था है। इस कर्म का सम्पूर्ण क्षय होने पर केवल ज्ञान प्रकट होता है।

२. दर्शनावरण कर्म

यह कर्म दर्शन शक्ति को आवृत करता है। प्रारम्भ में होने वाले सामान्य आकार के ज्ञान को **'दर्शन'** कहते हैं। प्रथम दृष्टि से जो ज्ञान होता है वह 'दर्शन' है। बाद में प्रथम दृष्टि से अर्जित ज्ञान का विशेष प्रकार से बोध होता है। निद्रा, अन्धता व चिरत्व आदि इस कर्म का फल है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

३. वेदनीय कर्म

इस कर्म का लक्ष्य सुख दुःख का अनुभव कराना है। सुख का अनुभव कराने वाले को सातवेदनीय और दुःख का अनुभव कराने वाले को असातवेदनीय कर्म कहते हैं।

४. मोहनीय कर्म

यह कर्म मोह से उत्पन्न होता है। स्त्री एवं पुत्र का मोह और प्रिय वस्तुओं का मोह मोहनीय कर्म का परिणाम है। मोहान्ध व्यक्ति को कर्तव्याकर्तव्य का ज्ञान नहीं रहता है। अतः वह अज्ञान को ज्ञान समझने लगता है। वह अनित्य संसार को नित्य समझता है। अज्ञानता के कारण जीव आत्मस्वरूप को नहीं जान पाता है। इस कर्म के दो भेद हैं—

i) तत्त्व दृष्टि को आवृत करने वाला **दर्शन मोहनीय** कर्म

ii) चरित्र का अवरोधक **चरित्र मोहनीय** कर्म

५. आयुष्य कर्म

इस कर्म के चार भेद है १. देवता का आयुष्य, २. मनुष्य का आयुष्य, ३. तिर्यक् का आयुष्य, ४. नरक जीवों का आयुष्य। अपने बन्धन छूटने तक देव, मनुष्य, तिर्यक् और नरक, इन चार गतियों के जीव आयुष्य पूर्ण होने तक अपनी आयु का भोग करते हैं।

६. नाम-कर्म

एकेन्द्रिय प्राणी से पञ्चेन्द्रिय प्राणी तक सभी प्राणी अच्छे या बुरे रूप से कर्मों से लिप्त होते हैं। जिस प्रकार एक चित्र-कार भिन्न भिन्न प्रकार के अच्छे एवं बुरे चित्र बनाता है, उसी प्रकार प्राणियों के विविध देहाकारों, रूपाकारों एवं रचनाकारों का निर्माण करने वाला यह कर्म है। **शुभ** नाम कर्म के उदय से शरीर आदि अच्छे मिलते हैं एवं **अशुभ** नाम कर्म से अशुभ का उदय होता है।

७. गोत्र कर्म

गोत्र कर्म के दो भेद हैं— उच्च गोत्र एवं नीच गोत्र। उन्नत परिवार में जन्म लेना एवं संस्कारी बनना उच्च गोत्र है एवं असंस्कारी परिवार में जन्म लेना नीच गोत्र कहलाता है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

८. अन्तराय कर्म

कार्य में विघ्न उत्पन्न कराने वाले कर्म को अन्तराय कर्म कहते हैं। समर्थ होकर कर्म न करना इस कर्म का फल है। बुद्धि-पूर्वक प्रयत्न करने पर भी किसी प्रकार के कार्य में सफलता न मिलना इस अन्तराय कर्म का परिणाम है।

जिस प्रकार बीज बोने के बाद तुरन्त ही उसका फल नहीं मिलता, उसी प्रकार कर्म बन्धन के पश्चात् समय व्यतीत होने पर ही फल का उदय होता है। कर्म का बन्धन अनेक प्रकार का है, जैसे:- **गाढ़, अतिगाढ़, मध्यम, शिथिल**। कर्म का बन्ध अति गाढ़ होने पर उसे निकाचित कर्म कहते हैं। जिस समय कर्म पुद्गल जीव द्वारा गृहीत होकर कर्म रूप में परिणत होता है, उस समय उसमें **चार** अंशों का निर्माण होता है। वे हैं— i) प्रकृति बन्ध (स्वभाव बन्ध) ii)स्थिति बन्ध (कालमर्यादा निर्माण) iii) अनुभाव बन्ध (तीव्र, अति तीव्र, मध्यम, मन्द फल देने वाला) vi) प्रदेश बन्ध अर्थात् जीव के साथ कर्म पुद्गल का बन्ध।

मोक्ष

बन्ध हेतुओं के अभाव तथा निर्जरा से उपर्युक्त कर्मों का आन्त्यन्तिक क्षय होना मोक्ष है। समग्र कर्मों का क्षय होने पर ऊर्ध्व गमन करना आत्मा का स्वभाव है। आत्मा में गुरुत्व तथा कोई कर्म जन्य प्रेरणा न होने से वहाँ से वापिस नीचे अथवा तिरछा जाना सम्भव नहीं है।

उपर्युक्त मुक्तावस्था में कर्मों की कोई उपाधि न रहने से शरीर, मन, इन्द्रिय एवं मन का यहाँ सर्वदा अभाव हो जाता है। इससे आत्मा निर्बन्धन, निरुपाधि होकर अनिर्वाच्य एवं अनुपमेय हो जाती है।

निर्मल मुक्त आत्मा पुन: कर्म से बद्ध नहीं होती, और इसी कारण उसका संसार में पुनरागमन नही होता है। महर्षि उमास्वाति ने तत्त्वार्थसूत्र में कहा है:

दग्धे बीजे यथाऽत्यन्तं पादुर्भवति नाङ्कुरः ।
कर्मबीजे तथा दग्धे न रोहति भवाङ्कुरः ।।

जैन दर्शन के अनुसार मोक्ष **भावरूप** एवं **अभावरूप** है। मोक्षावस्था में कर्मों का विनाश होने से यह **अभावरूप** है एवं आत्मा कर्मों से विहीन होने से **भावरूप** है। अत: प्रकारान्तर में मोक्षावस्था को **भावाभाव** रूप कह सकते हैं।

❖ ❖ ❖

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

३३

बौद्धाचार्य मातृचेट के काव्यों की समीक्षा

प्रो. गङ्गाधर पण्डा

गद्य काव्यसे पद्य काव्य इसीलिए अत्यधिक सरस एवं सुन्दर है कि इसी में मानव हृदय के संवेदन को उद्‌बोधन करने की अत्यधिक शक्ति है। कविता भावना से सद्यः उत्तेजित करती है। इसीलिए शायद विभिन्न धर्मों के धर्मप्रचारक गण बहुत पुराने समय से जन जन में धर्म का रहस्य पहुँचाने के लिए कविता का सहारा लेते आये है और आज भी लेते हैं।

बौद्ध साहित्य को पराकाष्ठा में पहुँचाने के लिए अश्वघोष एवं आर्यशूर के बाद अगर किसी आचार्य ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है तो वे हैं मातृचेट जिनके जीवन वृत्त की अधिकांश बातें अभी भी अन्धकाराच्छन्न है। वे महाराज कनिष्क के समकालीन थे, इतना ही बाह्य प्रमाणों से ज्ञात होता है। कनिष्क ने बौद्ध धर्म के दिव्य उपदेशों के लिए जब अपनी राजसभा में कवि का आह्वान किया तब उन्होंने वार्द्धक्य के कारण अपनी असमर्थता व्यक्त की थी एवं बौद्ध धर्म के सामान्य सिद्धान्तों को पद्यमयी वाणी में लिख कर कनिष्क को उपहार के रूप में भेंट की थी। 'महाराज कणिक लेख' के नाम से आज भी यह काव्य तिब्बती भाषा में अनुवाद होकर विभिन्न स्थानों में उपलब्ध है। इस पद्य काव्य में नैतिक-जीवन-यापन पर अधिक बल दिया गया है। आखेट का त्याग एवं वन्य पशुओं को अभय-दान आदि करुणा से यह काव्य ओत प्रोत है।

महाराज 'कणिक लेख' के अतिरिक्त मातृचेट के दो प्रमुख स्तोत्र साहित्य उपलब्ध है। बौद्ध जगत में उन्हें स्तुतिकार के नाम से जाना जाता है।

१. वर्णार्हवर्णस्तोत्र

इस काव्य का संस्कृत नाम है वर्णार्हवर्ण-स्तोत्रम् अर्थात् पूजनीयों की स्तुति। इसमें बारह परिच्छेद है एवं यह चार सौ पद्यों से सुनिबद्ध है। इस काव्य में तथागत की भव्य एवं सुविमल स्तुति की गई है। काव्यशैली से लगता है

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

कि कवि महायान संप्रदायके थे। और यह भी प्रतीत होता है बौद्धाचार्य नागार्जुन को इस काव्य से माध्यमिक कारिका लिखने के लिए प्रेरणा मिली थी। जैन ग्रन्थकार आचार्य हरिभद्र की बीस विंशकाओं का भी यह आधार ग्रन्थ है। यह स्तोत्र साहित्य केवल स्तुति मात्र नहीं है, अपि तु विभिन्न अलङ्कारों से समन्वित है। मालोपमा का उदाहरण प्रस्तुत है।

स्वरत्नैराकरमिव स्वधातुभिरिवाचलम्।
चन्दनं स्वरसेनेव सरः स्वजलजैरिव।।

गुणैस्त्वाभ्यर्चयिष्यामि त्वन्मतादेव निर्वृतः।
स्वनिर्वान्तेन हेम्नेव, काञ्चनविनं मणिम्।।

यह स्तोत्र ग्रन्थ न केवल अनेक बौद्धाचार्य एवं जैनाचार्यों का स्रोत है अपि तु अपनी प्रसिद्धि के कारण यह संस्कृत में भी अनूदित हो चुका है।

२. अध्यर्ध शतक

यह शतक अनुष्टुप् छन्द में लिखा गया है एवं १५३ पद्यों को १३ विभागों में विभक्त किया गया है। यह ग्रन्थ भी परवर्ती कवियों के लिये प्रेरणा स्रोत है। इसका अनुकरण स्वयं आचार्य दिङ्नाग ने किया। उन्होंने प्रत्येक पद्य के साथ अपना एक पद्य जोड़ कर तीन सौ पद्यों का 'मिश्र-स्तोत्र' नामक स्तुति काव्य की रचना की जिसका अनुवाद तिब्बती भाषा में उपलब्ध है। जैनाचार्यों ने भी इस काव्य को स्रोत मानकर अनेक ग्रन्थ लिखे। जिनमें से सिद्धसेन की पांच बत्तीसियों, समन्तभद्र का स्वयम्भू स्तोत्र तथा हेमचन्द्र का वीत-राग स्तोत्र प्रमुख है। सरलता पूर्ण ढंग से मार्मिक तथ्यों का प्रतिपादन करना मातृचेट की विशेषता है। इनके काव्य चीनी तथा तिब्बती भाषा में अनूदित हैं। इसके अतिरिक्त मध्य एशिया की 'तोखरी' भाषा में अनूदित होकर लोकप्रियता तथा व्यापकता को प्राप्त हैं।

मातृचेट की कविता स्वभाविकता से परिपूर्ण है। तत्त्वज्ञान से समन्वित होकर भी कोमल पदावली से अलंकृत है। भावों के नैसर्गिक प्रवाह के कारण कवि के आध्यात्मिक जीवन से उनके काव्य सम्बद्ध हैं। संसार की अनित्यता की भावना, धर्म का सुगम मार्ग एवं शास्त्र के गाम्भीर्य का प्रतिपादन कवि की विशेषता है। धर्म का प्रचारक शास्त्र की शिक्षाओं को जन साधारण के हृदय तक सरलता से पहुँचाने के लिए सामान्य जीवन की घटनाओं एवं उदाहरण का

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

आश्रय लेता है। मातृचेट ने भी उक्त मार्ग का अनुसरण किया है। इसीलिए इनकी उपमा, दृष्टान्त आदि अलंकारों का प्रयोग अत्यन्त प्रभावपूर्ण है।

मातृचेट की भाषा नितान्त सरल, बोधगम्य, प्रसन्नगम्भीर एवं आडम्बरहीन है। कवि ने तथागत के आध्यात्मिक जीवन का जीता जागता रूप अत्यन्त प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया है। प्रत्येक पद्य में कवि ने हृदय की सरलता एवं भावग्राहिता का प्रदर्शन किया है। दृष्टान्त के रूप में विरोधाभास का एक उदाहरण प्रस्तुत है:

परार्थैकान्तकल्याणी कामं स्वाश्रयनिष्ठुरा ।
त्वय्येव केवलं नाथ करुणाऽकरुणाऽभवत् ।।

हे नाथ, आपकी करुणा परोपकार के लिए है, परन्तु आश्रय रूपी अपने शरीर के प्रति आप अत्यन्त निष्ठुर है। अत: आप की करुणा स्वत: करुण होते हुए भी करुणाविहीन है। इसी प्रकार बुद्ध के उदार चरित्र को बताते हुए कवि ने कहा है—

अव्यापारितसाधुत्वं त्वमकारणवत्सलः ।
असंस्तुतसखश्च त्वं त्वमसम्बन्धबान्धवः ।।

तथागत धर्म के विपुल प्रचार प्रसार के लिए कवि ने जिस मार्ग को अपनाया वह अत्यन्त श्लाघनीय है। इसी औदार्य एवं सत्यता के कारण यह काव्य बौद्ध जगत् में अपनी विशिष्टता रखता है। इस काव्य की प्रशंसा में इत्सिग ने लिखा है कि "भिक्षुओं की परिषद् में मातृचेट की दोनो स्तुतियों का सुनना एक सुखद प्रसंग है, उनकी हृदयहारिता स्वर्गीय पुष्प के समान है और उनमें प्रतिपादित उच्च सिद्धान्त गौरव में पर्वत के उच्च शिखरों की स्पर्धा करने वाले है। भारत में स्तुति के रचयिता कवि मातृचेट को साहित्य का पिता मानकर उनका अनुसरण करते हैं।" इत्सिंग के इस कथन के सातत्य में यह कहा जा सकता है कि मातृचेट पद्यों में हृदय को स्पर्श करने की अलौकिक क्षमता है एवं बौद्ध दर्शन के उच्च सिद्धान्त को सुबोध भाव में व्यक्त करने का विलक्षण सामर्थ्य है।

बौद्ध कवि अश्वघोष के व्यक्तित्व के सामने मातृचेट कुछ अवदमित नजर आते हैं, फिर भी दोनों की एकरूपता चीनी परम्परा में गृहीत है। दोनो समकालीन होने पर भी दोनों के व्यक्तित्वों में अपना अपना महत्व अनुभूत है।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

संक्षेप में यह कह सकते हैं कि मातृचेट की कविता धर्म, दर्शन एवं साहित्य का समवेत रूप है। उन्होंने जो भी कुछ लिखा है उससे धर्म-प्रवणता के साथ-साथ कला एवं साहित्य समृद्धि प्राप्त है। उनकी प्रसादमयी वाणी हृदयकन्दर को स्पर्श कर लेती है। अत: बौद्धाचार्य एवं जैन सूरियों को स्तुति-काव्य लिखने की प्रेरणा देने के कारण हम मातृचेट को स्तुति काव्य का जनक मान सकते हैं।

❖ ❖ ❖

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

३४

कातन्त्र व्याकरण की अपूर्वता

प्रो. गङ्गाधर पण्डा

आसन्नं ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमं तपः ।
प्रथमं छन्दसामङ्गं प्राहुर्व्याकरणं बुधाः ।।

वाक्यपदीयम् १-११

भर्तृहरि जी के इस पद्य का आशय व्याकरण मात्र से नहीं है, बल्कि मनुष्यमात्र की अभिव्यक्ति की माध्यम भाषामात्र के व्याकरणों से है। व्याकरण शास्त्र के इतिहास का अवगाहन करने से यह ज्ञात होता है कि व्याकरण की दो परम्परायें अति प्रसिद्ध हैं — वैदिक परम्परा एवं श्रमण परम्परा। संस्कृत वाङ्मय के वैदिक साहित्य से लौकिक साहित्य तक पाणिनीय व्याकरण का जिस प्रकार महत्त्व है, ठीक उसी प्रकार जैन साहित्य में ऐन्द्र व्याकरण का महत्त्व अनुभूत है। ऐन्द्र व्याकरण आजकल अनुपलब्ध है, किन्तु इसका उल्लेख जैन शाकटायन व्याकरण एवं यशस्तिलक चम्पू आदि ग्रन्थों में है।

इसी ऐन्द्र व्याकरण की आधारशिला पर सर्ववर्मन्ने कातन्त्र व्याकरण की रचना की। इसे कलापक व्याकरण एवं कौमार व्याकरण के नामों से भी जाना जाता है।

मुष्टिग्राह्य होने से अर्थात् मुट्ठी में पकड़ने योग्य अर्थात् लघुकाय होने से इसे मुष्टिव्याकरण भी कहा जाता है।

मुष्टिव्याकरणं नाम्ना कातन्त्रं वा कुमारकम् ।
कालापकं प्रकाशात्मब्रह्मणामभिधायकम् ।।

कातन्त्र रूपमाला. पृ.-१६७

सोमदेव ने कथासरित्सागर में इसे कलाप व्याकरण मान कर नामकरण का याथार्थ्य प्रतिपादन किया।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

शंकरस्य मुखाद्वाणीं श्रुत्वा चैव षडाननः।
लिलख शिखिनः पिच्छे कलापमिति कथ्यते।।

कथासरित्सागर १।१७३

कातन्त्र व्याकरण का रचना-काल

आचार्य सर्ववर्मन् का समय ईसा पूर्व काल का माना जाता है। अनुश्रुतियों के अनुसार कातन्त्र की रचना महाराजा सातवाहन के समय में हुई थी[1]। परन्तु यह व्याकरण उससे भी प्राचीन है। कातन्त्र वृत्ति के कर्ता दुर्गसिंह के कथनानुसार इसके कृदन्त भाग के कर्ता कात्यायन थे। एतद्-अनुसार कातन्त्र का काल विक्रम के ५०० वर्ष पूर्व स्वीकार किया जा सकता है।

युधिष्ठिर मीमासंक जी ने महाभाष्य में कलाप शब्द विषयक उदाहरण पर विचार करते हुए महाभाष्य के पूर्व सर्ववर्मन् का समय विक्रम पूर्व १५०० वर्ष स्वीकार किया है।

महर्षि पतञ्जलि द्वारा उद्धृत होने से इसका रचना काल पतञ्जलि से पूर्व मानना पड़ेगा। मीमांसक जी का अभिमत यह है कि पतञ्जलि का काल विक्रम से २००० वर्ष पूर्व है। अत: कातंत्र व्याकरण का समय उससे पहले है।

कातन्त्र व्याकरण का वैशिष्ट्य

कातन्त्र व्याकरण की एक स्वतन्त्र परम्परा है। इसकी रचना में सर्वश्रेष्ठ विशेषता यह है कि वह पाणिनि से बहुत कुछ स्वतन्त्र है। कातन्त्र व्याकरण पूर्वार्ध और उत्तरार्ध इस प्रकार दो भागों में विभक्त है। तद्धित का भाग पूर्वार्द्ध एवं कृदन्त का प्रकरण उत्तरार्ध में है। सोमदेव के कथासरित् सागर के अनुसार सर्ववर्मन् को जैन नहीं माना गया है, परन्तु भावसेन त्रैविद्य ने अपनी रूपमाला में उनको जैन सिद्ध किया है।

इस व्याकरण में ८८५ सूत्र हैं एवं कृदन्त के सूत्रों को मिलाकर कुल १४०० सूत्र हैं। ग्रन्थ का प्रयोजन बताते हुए आचार्य ने कहा है—

---

1. Kātantra must have been written during the close of the Andhras in 3rd century A.D.

— Muthic Journal, Jan. 1928.

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

छान्दसः स्वल्पमतयः शब्दान्तररताश्च ये ।
ईश्वरा व्याधिनिरतास्तथाऽऽलस्ययुताश्च ये ।।
वणिक्सस्यादिसंयुक्ता लोकयात्रादिषु स्थिताः ।
तेषां क्षिप्रप्रबोधार्थमनेकार्थं कलापकम् ।।

लघु कलेवर और शीघ्र कण्ठस्थ होने के कारण इसका लोकप्रिय होना अत्यन्त स्वाभाविक है। बौद्ध साधुओं ने भी इसका बहुत उपयोग किया जिसके कारण भारत के बाहर तिब्बती भाषा में आज इसका धातु पाठ उपलब्ध है।

गरुड पुराण में इसको स्कन्द-प्रोक्त बताया गया है। आजकल यह बंगाल में अधिक प्रचलित है। पाणिनि व्याकरण की काशिकावृत्ति की भाँति इसकी दुर्गसिंह की दुर्गवृत्ति अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

जिस तरह ऋषभदेव तीर्थङ्कर ने ब्राह्मीकुमारी को व्याकरण ज्ञान देने के लिए ऐन्द्र व्याकरण की रचना करायी थी ठीक उसी तरह कातन्त्र व्याकरण का नाम कौमार पड़ा है।

तेन ब्राह्म्यै कुमार्यै च कथितं पाठ-हेतवे ।
कलापकं तत्कौमारं नाम्ना शब्दानुशासनम् ।।

कातन्त्र-रूपमाला

सरस्वती के द्वारा आगत होने से कभी इसका कौमार नाम हुआ है, यह भी प्रमाण मिलता है।

कुमार्याः ब्राह्म्याः सरस्वत्या आगतं कौमारम् ।

कातन्त्रव्याकरण की टीका-संपत्ति

कातन्त्र व्याकरण पर शतशः टीका ग्रन्थ उपलब्ध हैं। इसकी लोकप्रियता के कारण तिब्बत की भोटभाषा में भी इस पर २३ टीका ग्रन्थ मिलते हैं। कातन्त्र व्याकरण की कुछ प्रमुख टीकाओं की सूचना निम्नानुसार है:-

दुर्गपदप्रबोध टीका

आचार्य जिन प्रबोध सूरि ने वि. सं. १३२८ में दुर्गपद प्रबोध नामक टीकाग्रन्थ की रचना की है। 'खट तट गच्छ पट्टावली' से ज्ञात होता है कि इस ग्रन्थ के कर्ता का जन्म सं १२८५, दीक्षा सं. १२९६ एवं स्वर्ग गमन स. १३४१ में हुआ था। वे आचार्य जिनेश्वर सूरि के शिष्य थे। दीक्षा के समय

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

उनका नाम प्रबोधमूर्त्ति रखा गया था। परन्तु आचार्य होने के बाद उनका नाम जिन प्रबोध सूरि रखा गया। पाटन की प्रति के अन्त में इसका स्पष्टीकरण किया गया है।[१]

दौर्गसिंही वृत्तिः

कातन्त्र व्याकरण पर विरचित दुर्गसिंह की वृत्ति पर आचार्य प्रद्युम्नसूरि ने ३००० श्लोक प्रमाण दौर्गसिंहीवृत्ति की रचना वि. सं. ६३९ में की है, जिसकी प्रति बीकानेर में उपल्बध है।

कातन्त्रोत्तर-व्याकरण

आचार्य विजयानन्द ने कातन्त्र व्याकरण का महत्त्व प्रतिपादित कर कातन्त्रोत्तर व्याकरण की रचना की है। इसका रचना काल वि. सं. १२०८ है।

कातन्त्र विस्तर

इसके रचयिता वर्धमान हैं। आरा के विद्याभवन में यह ग्रन्थ अपूर्ण रूप में उपलब्ध है। इसका रचना काल सम्भवत: वि. सं. १४५८ से पूर्व है। ग्रन्थकार गुजरात के राजा कर्णदेव के पुरोहित के शिष्य थे, जिन्होंने केदारभट्ट के वृत्त-रत्नाकर पर टीका ग्रन्थ की रचना की थी।

बालबोध-व्याकरण

कातन्त्र व्याकरण के सूत्रों पर इस बालबोध-व्याकरण की रचना वि. सं १४४४ में हुई थी। इस की हस्तलिखित प्रति पाटन में विद्यमान है।

कातन्त्र दीपंक-वृत्ति

मुनीश्वर सूरि के शिष्य हर्षचन्द्र ने कातन्त्र-दीपक की रचना की है। इसकी हस्तलिखित प्रति बीकानेर में उपलब्ध है।

कातन्त्रभूषण

आचार्य धर्मघोषसूरि ने २४००० श्लोकों में कातन्त्र व्याकरण के आधार पर इस ग्रन्थ की रचना की है।

---

१. सामान्यावस्थायां प्रबोधमूर्तिगणिनामधेयैः श्रीजिनेश्वरसूरिपट्टालङ्कारैः श्रीजिनप्रबोधसूरित्रिविरचितो दुर्गप्रदप्रबोधः संपूर्णः।

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

वृत्तित्रय निबन्ध

आचार्य राजशेखर सूरि ने कातन्त्र व्याकरण के आधार पर इसकी रचना की है। इसका उल्लेख वृहट्टिप्पणिकर में है।

कातन्त्ररूपमाला

कातन्त्र व्याकरण के आधार पर इसकी रचना दिगम्बर मुनि भावसेन त्रैविद्य ने की है। यह ग्रन्थ जैन सिद्धान्त भवन, आरा से प्रकाशित है।

कातन्त्ररूपमाला-लघुवृत्ति

पृथ्वीचन्द्र सूरि नामक किसी जैनाचार्य ने ग्रन्थ पर टीका का निर्माण किया है। परन्तु ग्रन्थ के मूल लेखक का देशकाल अज्ञात है।

कातन्त्र विभ्रमटीका

इस नाम से दो ग्रन्थ उपलब्ध हैं जिनके रचयिता क्रमशः आचार्य जिनभद्रसूरि (वि. सं. १३५२) एवं आचार्य चारित्र सिंह नामक मुनि (वि. सं. १६३५) हैं।

इसी प्रकार जैन परम्परा में रचित यह व्याकरण ग्रन्थ सर्वत्र आदृत है। लघुकाय, भाषासारल्य एवं शैली विन्यास के कारण ब्राह्मण श्रमण संस्कृति के लिए यह ग्रन्थ एक विशिष्ट महत्त्व रखता है। इस पर रचित टीकाएँ भी गवेषणा योग्य हैं।

❖ ❖ ❖

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

THE AUTHORS

PROF. GANGADHAR PANDA

Graduated with Honours in Sanskrit fi
Utkal University, Bhubaneshwar. Pas
M.A. in Sanskrit getting rank in the m
list of Vikram University, Ujja
Completed Acharya in Purāṇa, Sāhi
Dharmaśāstra and Saṅkhyayoga from
Jagannath Sanskrit University, P
Awarded Vidyavaridhi (Ph.D.)
Vidyavacaspathi (D.Litt.)

Author of *Treatment of Supernatu*
in the Dramas of Kālidāsa, *Matṛbhā*
Śikṣaṇa-Paddhati, Concept of Indra
Purāṇas, Sanskrit Education in Ori
Sanskṛta-Śveta-Patram (Or
Translation), Purāṇa-Prajñā (Editor)

Worked as Lecturer, Princi
Deputy Educational Adviser and Regis
in various Central Govt. Organisations
present, he is working as Professor
Head, Department of Purāṇetihāsa
Dean, Faculty of Sāhitya and Sanskṛ
Sampurnananda Sanskrit University
last five years.

DR. PRAMODINI PANDA

Dr. Panda has passed B.A. (Hons)
M.A. in Sanskrit securing position in
merit list of Utkal Univers
Bhubaneshwar. Got Shiksha Shastri (B.
and Shiksha - Acharya (M.Ed.) getting
rank. She got herself specialised in V
and completed Acharya in Ṛgveda
Diploma in Karmakāṇḍa procuring
rank in both of the Examinations.
Vidya Varidhi (Ph.D.) in Veda fr
Rashtriya Sanskrit Sansthan, New De

She is the author of वेदकालीननारी
and ऋग्वेदे सायणवेङ्कटमाधवभाष्ययोस्तुलनात
मध्ययनम् । At present she is actively enga
in Research work.

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi

Digitization by eGangotri and Sarayu Trust. Funding by MoE-IKS

शैवभारतीशोधप्रतिष्ठानम्
डी. ३५/७७, जंगमवाडीमठ, वाराणसी - २२१००१

CC0. In Public Domain. Jangamwadi Math Collection, Varanasi